भावना – बुजुर्गों का परिवार

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

वरिष्ठ नागरिकों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के हितों को समर्पित अखिल भारतीय समाजसेवी महासमिति।
सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत। पंजीयन संख्या : 662/2000–01

507, कसमन्डा अपार्टमेन्ट्स, 2, पार्क रोड, हजरतगंज, लखनऊ – 226001, भारत

फोनः +91-522-4016048 **वेबसाइटः** www.bhavanaindia.org **ई.मेलः** bhavanasindia@gmail.com

विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना), आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय तथा **एस. सी. त्रिवेदी मेमोरियल ट्रस्ट चिकित्सालय** के संयुक्त तत्वावधान में सभी आयु के स्त्रियों, पुरुषों तथा बच्चों के लिए रविवार, 08 दिसम्बर, 2019 को फैजुल्लागंज, लखनऊ में एक **विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर** का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ **न्यायमूर्ति अनिल कुमार, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच** द्वारा किया गया। तमाम स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। **90 वर्ष से अधिक आयु क अतिवरिष्ठ नागरिक, श्री नामवर सिंह** परम विशिष्ट अतिथि थे।

इस अवसर पर **भावना** की ओर से माननीय श्री नामवर सिंह का मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण करके, अंग–वस्त्र पहनाकर तथा सम्मान पत्र देकर सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के संचालक श्री जगमोहन लाल जायसवाल ने उनके जीवन के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा उनकी उपलब्धियों के विषय में बताया।

इस शिविर में बच्चों तथा स्त्रियों के विशिष्ट रोगों एवं सामान्य लोगों को होने वाले अन्य रोगों का विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा विधिवत परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार उनकी तत्काल चिकित्सा की गई अथवा परिस्थिति के अनुसार उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में 824 मरीजों का पंजीकरण किया गया।

शिविर में सभी स्त्रियों एवं पुरुषों ने **फ़ायब्रोस्कैन, एचबीए1सी, हेपेटाइटिस बी, लिपिड प्रोफ़ाइल, मधुमेह, रक्तचाप, ईसीजी, बॉडी वेट, बीएमडी, बीएमआई, थायरॉयड, पीएफ़टी, एलएफ़टी, यूरिक एसिड, प्रोटीन यूरिया, केएफ़टी, एच पायलोरी, डायबेटिक रेटिनोपैथी तथा न्यूरोपैथी सहित लगभग 5,000 रुपए मूल्य के परीक्षण बिल्कुल मुफ्त कराए। आवश्यकतानुसार उन्हें 5 दिन की दवा भी मुफ्त दी गई।**

शिविर में रोटरी क्लब तथा प्रकाश नेत्र केन्द्र के संयुक्त सौजन्य से 140 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। मोतियाबिंद के 40 मरीजों के निःशुल्क आपरेशन के लिए उनका पंजीकरण भी किया गया।

इस शिविर को सफल बनाने में आयोजकों को वृद्ध–रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शुक्ला, स्त्री–रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता शुक्ला, उदर–रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. सिंह, दंत–रोग विशेषज्ञ डॉ. निमिषा एवं डॉ. सुधान्शु अग्रवाल, हृदय–रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्ज्वल महेश्वरी, बाल–रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाती श्रीवास्तव, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ. अमित कुमार सिंह, पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. निरंकार गुप्ता, आयुर्वेद एवं एकूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. पार्थ प्रॉतिम, एकूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र देव, होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. जी.डी. दिवाकर सहित 40 से अधिक फ़र्मास्यूटिकल एवं डायग्नोस्टिक कम्पनियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

शिविर में आये मरीजों का फॉलोअप परीक्षण **आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय**, बी–52, जे–पार्क, महानगर विस्तार, लखनऊ में किया जायेगा जिसका सम्पर्क फोन नं. 0522–4955050 है।

(विनोद कुमार शुक्ल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मो. 09335902137